**SAMRAT FORGINGS LIMITED**
CIN: L28910CH1981PLC004522
*Admn. Office & Works :*
Village & P.O. Ghollu Majra, Distt. Mohali (Punjab) - 140 506 INDIA
Tel. : +91-9257240444
E-mail : info@samratforgings.com, Website : www.samratforgings.com
*Mailing Address & Regd. Office :*
# 406, 1st Floor, Sector 15-A, Chandigarh - 160 015 INDIA
Tel. : +91-172-2774555

TÜV SÜD Management Service

CERTIFIED IATF 16949:2016 COMPANY

SFL/2021-22/726 Dated: 07.02.2022

**Corporate Relationship Department,**
**BSE Limited**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers,**
**Dalal Street,**
**Mumbai – 400 001**

**Sub: Publication of Unaudited Financial Results for the quarter and nine months ended 31st December, 2021 in newspaper**

**Scrip Code: 543229**

Dear Sir/Madam,

Please find enclosed herewith copies of newspapers viz "The Financial Express (English)" and "Jansatta (Hindi)" both dated 6th February, 2022 in which the extract of Unaudited Financial Results of the Company for the quarter and nine months ended 31st December, 2021 have been published by the Company, pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The unaudited financial results for the quarter and nine months ended 31st December, 2021 were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors in their meetings held on 5th February, 2022.

Kindly take the same on your records.

Thanking you,

Yours faithfully,
**For Samrat Forgings Limited**

**Sandeep Kumar**
**Company Secretary**
**FCS: 9075**

Encl: As above

**मौसम**

**पूर्वानुमान:** प्रदेश में बादल छाए रहने की संभावना।

**तापमान:** ▲ 7.1 डिग्री, ▼ 1.1 डिग्री

**सूर्योदय:** 07:12 **सूर्यास्त:** 05:00



# धूप से निखरी हिमाच्छादित चोटियां देख आह्लादित हुए सैलानी



## थमी रही जिंदगी, सड़कें-बिजली नहीं हो पाई बहाल

शिमला, 5 फरवरी (जनसत्ता)।

बीते कई दिन से हो रही बारिश और भारी बर्फबारी के बाद आज प्रदेश में खूब धूप चमकी और प्रकृति की खूबसूरती के नए रंग बेहद दिलकश अंदाज में नजर आए। सैलानियों से लेकर किसानों -बागवानों और स्थानीय लोगों ने प्रकृति की इस मनमोहक सुंदरता की तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल की। आज सुबह धूप चमकने के बाद राजधानी का दिलकश नजारा देखने योग्य था।

इसी तरह के नजारें बर्फ से आच्छादित तमाम जगहों पर नजर आए व नीले साफ आसमान के नीचे बाकी जिंदगी थमी रही। लोगों ने इन नजारों के बीच धूप का जमकर आंनद लिया और पिछले तीन दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड से कुछ राहत ली। ऊपर नीला आसमान व नीचे बर्फ की चादर। लेकिन दोपहर तक बर्फ पिघलने लगी और देवदार व बाकी की हरियाली भी नजर आने लगी।

प्रकृति के इन मनमोहक दृश्यों के बीच प्रदेश के अधिकांश भागों में जिंदगी थमी रही। राजधानी शिमला की सड़कों पर यातायात पूरी तरह से बहाल नहीं हो पाया। कार्ट रोड पर भी दोपहर तक वाहन चलने लगे। विक्टरी टनल से संजौली व ढली के लिए बड़े वाहनों की ही आवाजाही आंशिक तौर बहाल की जा सकी। जबकि शिमला-ठियोग, शिमला-मशोबरा, ठियोग-चौपाल, ठियोग-रोहड़ू, ठियोग- रामपुर, नारकंडा-ननखड़ी और रोहड़ू-रामपुर सड़कें पूरी तरह से बंद रहीं जबकि चंबा जिला में खजियार-डलहौजी, चंबा-जोत, चंबा-भरमौर, चंबा -तीसा, चंबा किहार, चंबा -पांगी सड़क साच दर्रे के पास बंद रही। सिरमौर में संगड़ाह-नौहराधार-हरिपुरधार, राजगढ़-नौहराधार-हरिपुरधार और राजगढ़-हाब्बन सड़कें बहाल नहीं की जा सकी। जबकि कूल्लू जिले में बंजार आनी, मणिकर्ण -बरशैनी यातायात के लिए बंद रहे जबकि सोलंगनाला- से अटल टनल को केवल आपात सेवाओं के लिए बड़े वाहनों के लिए ही खोला जा सका। जिला मंडी में मंडी-करसोग,जंजहैली-छतरी और कांधी-कटौला सड़कों को भी बहाल नहीं किया जा सका। जिला लाहौल स्पीति में अटल टनल से केलांग सड़क को केवल आपात सेवाओं के लिए चौपहिया वाहनों के लिए ही खोला जा सका जबकि ग्राम्फू से लोसर वैसे भी सर्दियों में बंद रहती है इसके अलावा तांदी उदयपुर -पांगी सड़क को बहाल करने के लिए बीआरओ काम पर लगा रहा।

### मनाली में सैलानियों ने की खूब मस्ती

**कुल्लू:** पर्यटन नगरी मनाली में चार दिन बाद धूप खिली तो लोगों व पर्यटकों ने राहत की सांस ली। शनिवार को मनाली सहित रोहतांग, गुलाबा, फातरु, अंजनी महादेव व सोलंगनाला में हुई भारी बर्फबारी के बाद यहां भारी संख्या में सैलानी मनाली पहुंच रहे हैं। सोलंगनाला में भारी हिमपात होने के चलते सैलानियों को नेहरू कुंड से आगे नहीं भेजा जा रहा है। प्रशासन के मुताबिक सोलंगनाला व कोठी में ढाई फीट से अधिक हिमपात हुआ है। बर्फ अधिक होने के चलते नेहरुकुण्ड से आगे छोटे वाहनों को नहीं जाने दिया जा रहा है। हालांकि फॉर व्हील ड्राइव कुछ एक वाहन सोलंगनाला भी जा पहुंचे लेकिन अधिकतर सैलानियों ने नेहरुकुंड में ही बर्फ का आनंद उठाया। इसी बीच रक्षा भू भाग अनुसंधान (डीजीआरई) द्वारा हिमस्खलन की चेतावनी देने के बाद कुल्लू व लाहौल स्पीति प्रशासन भी सतर्क हो गया है। लाहौल स्पीति व मनाली में गत दो दिनों में भारी हिमपात हुआ है। इससे ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हिमस्खलन की आशंका बढ़ गई है। प्रशासन ने अधिसूचना जारी कर पंचायत प्रतिनिधियों, होटल व होम स्टे संचालकों, ट्रेकरों व गैर सरकारी संगठनों को सतर्क रहने को कहा है।

इन महत्पूर्ण सड़कों समेत आज प्रदेश में 603 सड़कों पर यातायात बहाल नहीं हो सका जबकि प्रदेश में 1631 बिजली के ट्रांसफार्मर ठप पड़े है। राजधानी समेत कई जगहों पर पेड़ टूटें है और बिजली तारों पर गिरे हुए हैं।

शिमला जिला में 205, लाहौल-स्पीति में 122, कुल्लू में 96, चंबा जिला में 77, किन्नौर में 11, मंडी में 58, सिरमौर में 17 और सोलन में 7 सड़कें बंद रहीं। शिमला जिला में सर्वाधिक 554, सिरमौर में 351, सोलन में 295, मंडी जिला में 213, चम्बा जिला में 158, कुल्लू में 60 बिजली के ट्रांसफॉर्मर ठप रहे। राज्य में 138 पेयजल परियोजनाएं भी प्रभावित हैं। इनमें चंबा में 77, लाहौल स्पीति में 27, शिमला में 30 और सिरमौर में 4 परियोजनाएं शामिल हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में मौसम साफ रहने की संभावना जताई हैं।

राजधानी समेत कबाइली इलाकों और मुख्य पर्यटन स्थलों का न्यूनतम पारा शून्य के नीचे चला गया है। राजधानी में रात का पारा लुढ़क कर तक -2.1 पहुंच गया जबकि कबाइली इलाकों में केलांग में न्यूनतम तापमान -12.5 डिग्री, कल्पा में -7 डिग्री, मनाली में -4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



## बल्ह बचाओ समिति ने जताया विरोध

मंडी, 5 फरवरी (जनसत्ता)।

बल्ह बचाओ किसान संघर्ष समिति की कार्यकारणी की बैठक जोगिन्दर वालिया की अध्यक्षता में कंसा मैदान में हुई।

बैठक में सचिव नंद लाल वर्मा ने कहा कि बल्ह की जमीन बहुत उपजाऊ है और इसे मिनी पंजाब कहा जाता है। जबकि मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर प्रस्तावित हवाईअड्डे के मामले में बल्ह के किसानों को विश्वास में न लेकर एकतरफा चल रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री के सामने सुझाव भी रखा है कि एयरपोर्ट को घोघरा-धार, नन्दगड, या जाहू में बनाया जा सकता है और जिसमे सरकार का पैसा भी बहुत कम लगेगा।

अध्यक्ष जोगिंदर वालिया ने कहा कि केंद्र सरकार ज्यादातर विमान व हवाईअड्डे पहले ही टाटा व अडानी को बेच चुकी है और अब राज्य सरकार, धर्मशाला एयरपोर्ट भी निजी हाथो ंको देने जा रही है। संघर्ष समिति को अंदेशा है कि सरकार बल्ह की उपजाऊ जमीन कौड़ियों के भाव अडानी को सौंपना चाहती है। हवाई अड्डा गैर उपजाऊ जमीन पर बनाया जाना चाहिए।

## एक दिन में कोरोना ने ली 6 की जान, 650 नए चपेट में

शिमला, 5 फरवरी (जनसत्ता)।

पिछले 24 घंटों में प्रदेश में कोरोना संक्रमण से छह मरीजों ने दम तोड़ा हैं व प्रदेश में कोरोना संक्रमण से अब तक मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 4 हजार 15 तक पहुंच गया है। आज प्रदेश में कोरोना संक्रमण के साढ़े छह सौ मामले सामने आए हैं जबकि 1,546 मरीज ठीक हुए हैं। ऐसे में प्रदेश में कोरोना संक्रमण के सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर छह हजार 667 रह गई है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक आज कांगड़ा व शिमला में दो-दो जबकि मंडी व हमीरपुर में एक-एक मरीज ने दम तोड़ा हैं। हमीरपुर में 87 साल के एक मरीज की टांग टूट गई थी। उसका इलाज चल रहा था। इस बीव कोविड हो गया व उसकी मौत हो गई। कांगड़ा में 65 साल एक मरीज को उच्च रक्तचाप, मधुमेह के अलावा किडनी की समस्या थी। उसे कोविड हो गया व उसने दम तोड़ दिया। कांगड़ा में ही 44 साल के एक मरीज को मोटापा था । उसे उच्च रक्तचाप की समस्या भी थी। कोविड होने के बाद उसे सांस लेने में तकलीफ होने लगी और उसकी मौत हो गई। मंडी में 78 साल की एक महिला दिल की बीमारी थी कोविड होने के बाद उसने भी दम तोड़ दिया।

शिमला में 75 साल की एक महिला को सांस की बीमारी थी। उसे कोविड हो गया व उसने दम तोड़ दिया। इसी तरह शिमला में ही 62 साल की एक महिला को किडनी की समस्या थी। उसे कोविड हो गया व उसकी मौत हो गई। कोरोना संक्रमण से कांगड़ा में सबसे ज्यादा 1,219 कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत हो चुकी है जबकि शिमला में 692, मंडी में 487 और हमीरपुर में 316 मौतें हो चुकी हैं।

## दो दिन की बर्फबारी ने सरकार और प्रशासन की व्यवस्था की खोली पोल: राठौर

शिमला, 5 फरवरी (जनसत्ता)।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर ने बर्फबारी से निपटने पर प्रशासन की व्यवस्था पर रोष जताया है। उन्होंने कहा कि दो दिन की बर्फबारी ने सरकार और प्रशासन की खोखली व्यवस्था की पूरी पोल खोल दी है। आम जन जीवन को सुचारू रखने में प्रशासन पूरी तरह विफल साबित हुआ है।

राठौर ने कहा कि आज धूप खिलने के बावजूद जन जीवन सामान्य करने में प्रशासन पूरी तरह असफल रहा है। लोगों को आज भी आने जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। राजधानी शिमला में दोपहर तक यातयात सामान्य न होने और परिवहन निगम की बसें न चलने की वजह से लोगों को मजबूरी में पैदल ही आना जाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि इसी तरह शहर के कई इलाकों में बिजली की आंखमिचौली भी लोगों की परेशानी का सबब बनी। सड़कों पर से बर्फ हटाने का काम भी धीमी गति से चलता रहा। सरकार के पास कोई पुख्ता इंतजाम ही नहीं है।

राठौर ने कहा कि सरकार की प्रशासन पर कोई पकड़ ही नहीं है। आज स्थानीय अवकाश को लेकर भी अचरज की स्थिति बनी रही। राठौर ने सरकार से प्रदेश में बर्फबारी से अस्तव्यस्त हुए जन जीवन को सामान्य करने और बंद पड़ी सड़कों विशेष तौर पर दूरदराज की संपर्क सड़कों को बहाल करने का आग्रह किया है। कहा, दूरदराज के बर्फबारी वाले क्षेत्रों में आवश्यक खाद्य वस्तुओं खाना पकाने की गैस की आपूर्ति भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।


**पंजाब केमिकल्स एंड क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड**

सीआइएन: L24231PB1975PLC047063

पंजी. कार्या.: 18, अंबाला-कालका रोड, गांव व डाकखाना भंकारपुर, डेराबस्सी, जिला मोहाली- 140201

टेली: 01762-280086, 522250, ई-मेल: info@punjabchemicals.com

वेबसाईट: www.punjabchemicals.com

**सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी को कम्पनी के निम्नलिखित शेयरधारकों से निवेदन प्राप्त हुआ है कि उनके शेयर प्रमाण पत्र गुम हो गए तथा नीचे दिए विवरण अनुसार उसका डुप्लिकेट शेयर प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन प्राप्त हुआ है।

| फोलियो नं. | शेयर धारक का नाम | शेयरों की सं. | शेयर प्रमाण पत्र की सं. | डिस्टिंक्टिव नं. |
|---|---|---|---|---|
| पी-381 | प्रवीण करसनदास वेद और प्रकाश करसनदास वेद | 50 | 5965 | 671026-671075 |
| 27326 | रमेश कुमार गोयनका | 48 | 54397 | 4405711-4405758 |
| जी391 | गोरधनदार बी. सूचक व जानकी वी. सुचक | 100 | 21,17838 | 375351-375400<br>1496681-1496730 |

उपरोक्त निवेदन पर किसी को आपत्ति होने पर, इस सूचना के प्रकाशन से 15 दिनों के अन्दर प्रमाण के साथ कम्पनी से सम्पर्क करना चाहिए। अन्यथा, डुप्लिकेट शेयर प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाएगा।

ह./-

स्थान: डेराबस्सी (सीएस वी. श्रीनिवास)

दिनांक: 05.02.2022 कंपनी सचिव तथा अनुपालन अधिकारी


## महिला ने पति पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगाई, मामला दर्ज

धर्मशाला, 5 फरवरी (जनसत्ता)।

चंबा के चुराह क्षेत्र की खजुआ पंचायत में एक महिला ने अपने पति पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी, जिससे वह बुरी तरह से झुलस गया। पीड़ित को उपचार के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज रैफर किया गया है।

पुलिस ने पति के बयान पर आरोपी पत्नी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है और आगामी तफ्तीश जारी है। जानकारी के अनुसार खजुआ पंचायत के गोहटा गांव निवासी चैन लाल की पत्नी के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इस पर गुस्साई महिला ने घर में पड़ी पैट्रोल की कैनी चैन लाल पर छिड़क दी और आग लगा दी। इस दौरान चैन लाल चिल्लाने लगा। उसके चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे।

उन्होंने तुरंत चैन लाल के कपड़ों पर भड़की आग को बुझाया और उसे उपचार के लिए तीसा अस्पताल पहुंचाया तथा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही तीसा पुलिस थाना से भी एक टीम नागरिक अस्पताल तीसा पहुंच गई, जहां पुलिस ने चैन लाल के बयान दर्ज किए। इसके बाद चैन लाल को चम्बा मेडिकल कॉलेज रैफर किया गया, जहां से बाद में उसे टांडा मेडिकल कॉलेज रैफर कर दिया है।

## धर्मशाला से लगातार अन्याय कर रही भाजपा सरकार: काजल

धर्मशाला, 5 फरवरी (जनसत्ता)।

कांगड़ा हलके के कांग्रेस विधायक पवन काजल ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने धर्मशाला से पहले शीतकालीन राजधानी का दर्जा छीना और अब शीतकालीन प्रवास बंद कर जिला कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र की जनता से अन्याय किया है।

उन्होंने कहा, वर्षो से पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत राजा वीरभद्र सिंह ने जिला कांगड़ा के विकास को गति देने के लिए धर्मशाला में शीतकालीन राजधानी बनाने के साथ लगभग एक महीने का शीतकालीन प्रवास कांगड़ा, चंबा, हमीरपुर और ऊना जिला के विकास के लिए करने का फैसला किया था। इस दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न विभाग अध्यक्षों के साथ हर विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर आम जनता की समस्याएं सुनने के साथ नई परियोजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन कर विकास को नई दिशा देते रहे हैं। लेकिन मौजूदा भाजपा सरकार मात्र धर्मशाला सर्किट हाउस तक ही सीमित रह गई है।

काजल का कहना है कि भाजपा सरकार के कैबिनेट मंत्री मिनी सचिवालय में नहीं बैठते हैं और न ही वहां पर कोई जनता की समस्याएं सुनने वाला है। जिसका जवाब जिला की जनता ने आने वाले विधानसभा चुनावों में देने का मन बना लिया है।

काजल शनिवार को 'आपका विधायक आपके घर द्वार' कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत भडियाड़ा में ग्रामीणों साथ चर्चा के दौरान बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए पूर्व कांग्रेस सरकार ने गग्गल में एक आइटी पार्क को मंजूरी प्रदान की है लेकिन मौजूदा भाजपा सरकार अपने चार वर्ष के कार्यकाल में आईटी पार्क का निर्माण करवाने में फिसड्डी रही है। जिले के भाजपा नेताओं को आईटी पार्क का निर्माण न होने पर साधी चुप्पी का जवाब देना चाहिए।

काजल ने कहा भडियाड़ा पंचायत में 10 लाख 75 हजार लीटर कैपेसिटी का ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य प्रगति पर है। और 18 करोड रुपए की लागत से निमार्णाधीन पेयजल योजना का कार्य छह महीने भीतर पूरा कर एक दर्जन गांवों के बाशिंदों को 24 घंटे पीने के पानी की सुविधा मुहैया करवा दी जाएगी।

उन्होंने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार महंगाई और बेरोजगारी पर लगाम कसने में नाकाम रही है। और अब निशुल्क बिजली देने के नाम पर भी जनता को गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने ही गांव के महिला मंडलों को दस-दस हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी दी। इस मौके पर पंचायत प्रधान रविन्द्र, उप प्रधान मनोहर लाल, समिति सदस्य कुशला देवी, संसार सिंह,अनिल कुमार, बर्षा देवी, पुष्पा देवी, रेखा देवी, विन्दु कुमारी, राजिन्द्र पटियाल, नरेन्द्र प्रकाश, प्यार सिंह, राणा आदि उपस्थित थीं।


**सम्राट फोर्जिंग्स लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: #406, पहली मंजिल, सेक्टर 15-ए, चंडीगढ़-160015

CIN: L28910CH1981PLC004522, ई-मेल: info@samratforgings.com,

वेबसाइट: www.samratforgings.com, फोन: 0172-2774555, 9257240444

**31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही और नौ महीनें के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश**

ईपीएस को छोड़कर रु. लाखों में

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त तिमाही 31.12.2021 अनंकेक्षित | समाप्त नौ महीनें 31.12.2021 अनंकेक्षित | समाप्त तिमाही 31.12.2020 अनंकेक्षित |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रचालनों कुल आय | 2963.39 | 10639.48 | 3382.31 |
| 2. | कुल लाभ (कर और स्वीकार्य मदों से पूर्व) | 177.45 | 361.99 | 114.54 |
| 3. | कर से पूर्व कुल लाभ (स्वीकार्य मदों के बाद) | 177.45 | 361.99 | 114.54 |
| 4. | कुल लाभ (कर और स्वीकार्य मदों के बाद) | 121.23 | 250.70 | 71.77 |
| 5. | कुल व्यापक आय [कर के बाद अवधि (कर के बाद) तथा अन्य व्यापक आय के लिए लाभ को शामिल करके] | 121.23 | 250.70 | 71.77 |
| 6. | भुगतान इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य 10/- प्रति) | 500.00 | 500.00 | 500.00 |
| 7. | आय प्रति शेयर (10/- प्रति का) (वार्षिकी नहीं) | | | |
| | - मूल | 2.42 | 5.01 | 1.44 |
| | - तनुकृत | 2.42 | 5.01 | 1.44 |

**टिप्पणी:**

उपरोक्त विवरण सेबी (आपत्तियों के सूचीकरण तथा प्रकृटीकरण अपेक्षांए) विनियमनों, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत शेयर बाजार में दाखिल तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। 31 दिसंबर, 2021 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणामों के पूर्ण प्रारूप शेयर बाजार की वेबसाइट (www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाईट (www.samratforgings.com) पर उपलब्ध हैं।

कृते सम्राट फोर्जिंग्स लिमिटेड

हस्ता/-

स्थान: डेराबस्सी राकेश एम कुमार

तिथि: 05 फरवरी, 2022 प्रबंध निदेशक



**आनंद** वसंत पंचमी पर्व के लिए लोगों में दिखा भारी उत्साह, खूब उड़ा गुलाल, 40 दिन तक मनाई जाएगी होली


## राम-भरत मिलन का गवाह बना ढालपुर मैदान

कुल्लू, 5 फरवरी (जनसत्ता)।

कुल्लू के रथ मैदान में वसंत पंचमी के अवसर पर राम और भरत का एक बार फिर महामिलन हुआ जिसके सैकड़ों लोग गवाह बने। शनिवार सुबह से ही रथ मैदान व ढालपुर मैदान में रथयात्रा की तैयारियों को लेकर पुलिस जवान व नगर कर्मचारी डटे रहे।

रथ मैदान में भगवान रघुनाथ जी के रथ को बाहर निकालकर उसे सजाया गया जबकि रघुनाथपुर व ढालपुर स्थित अस्थायी शिविर में सुबह से लेकर शाम तक भजन कीर्तन का दौर जारी रहा। शनिवार दोपहर बाद भगवान रघुनाथ ढोल-नगाड़ों की थाप पर लाव लश्कर के साथ अपने देवालय से रथ मैदान को रवाना हुए जहां से रथयात्रा निकली। सैकड़ों लोगों ने इस रथ को खींचते हुए ढालपुर मैदान पहुंचाया





जहां पर विशेष पूजा-अर्चना हुई। साथ ही इस दौरान राम व भरत के मिलन की रस्म भी अदा की गई। प्रशासन ने भी इस बार कोविड एसओपी का पालन करते हुए पूर्व की भांति उत्सव मनाने की अनुमति दी है।

कुल्लू में अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के बाद साल का यह पहला उत्सव होता है, जहां भगवान राम व भरत के मिलन के हजारों लोग गवाह बनते हैं वहीं, भगवान रघुनाथ जी की रथयात्रा दशहरा उत्सव के बाद यहां केवल वसंत पंचमी के दिन ही निकलती है। दशहरा उत्सव की ही तरह इस उत्सव के दौरान भी लोगों में भगवान रघुनाथ जी के रथ तक पहुंचने और रस्सी को खींचने की खूब होड़ लगी रहती है। हर कोई भगवान के रथ को खींचने में अपना योगदान देकर पुण्य कमाना चाहता है। भगवान श्रीराम की कृपा प्राप्ति के लिए वसंत पंचमी के दिन अधिकतर लोग पीले वस्त्र में ही नजर आए और भगवान रघुनाथ जी को भी पीले ही वस्त्र पहनाए गए।

ढालपुर मैदान में हर कोई उत्साह के रंग में नजर आया और राम-भरत के मिलन के बाद हनुमान की अठखेलियां भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। केसरी रंग में पूरी तरह रंगा हुआ शख्स जिसे मान्यतानुसार यात्रा के दौरान भगवान हनुमान ही माना जाता है, जिस भी श्रद्धालु को रंग लगाएगा उसे सौभाग्यशाली माना जाता है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कुल्लू घाटी में 40 दिन पहले ही होली का भी आगाज हो गया है। रथयात्रा के दौरान जहां रघुनाथपुर से लेकर ढालपुर मैदान तक खूब गुलाल उड़ा वहीं आज से अब भगवान रघुनाथ जी के दरबार में होली उत्सव तक गुलाल का दौर जारी रहेगा। उधर, कुल्लू के अलावा इस परंपरा का निर्वाह कुल्लू की प्राचीन राजधानी नग्गर, ठावा व मणिकर्ण में भी किया गया।